तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

12 ओंकारबंद धान खरीदी केंद्र परिसर में पौधरोपण...

12 खट्टी में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




## खबर संक्षेप



### बहनोई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बहनोई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी जीवन लाल यादव वार्ड क्रमांक 14 बागडपारा पिथौरा ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसकी छोटी बहन जमुना से झाड़ू राम ध्रुव ने प्रेम विवाह किया है। उनके दो बच्चे है। उसका बहनोई झाड़ू राम ध्रुव शराब पीकर बहन से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। दो-तीन दिन से उसकी बहन जमुना ध्रुव उसके घर में आकर रह रही है। 5 जुलाई की रात्रि करीब 10.30 बजे झाड़ूराम ध्रुव शराब पीकर उसके घर आकर गाली गलौज कर रहा था। उसे मना किया तब आरोपी ने प्रार्थी की तर्जनी ऊंगली को दांतों से काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### टेंट व्यवसायी से मारपीट

**महासमुंद।** टेंट व्यवसाई और उसके दोस्त के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अरेकेल निवासी व टेंट व्यवसायी मोहनदास ने बताया कि 5 जून को रथ यात्रा में उसका टेंट गांव में ही लगा था, जिसे निकालने के लिए रात्रि करीबन 8.30 बजे अपने दोस्त करन सिदार के साथ अपने वाहन छोटा हाथी को घर से निकालकर मोड़ पर पहुंचा था। इसी दौरान मेरा दोस्त पड़ोसी राजेश साव के छोटे बच्चे को गोद में लेकर बैठने वाला था, जिसे देखकर प्रेमसागर साव ने मेरे भतीजे को क्यों बिठा रहे हो कहकर उसे और उसके दोस्त करन के साथ मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मीना बाजार में अज्ञात व्यक्ति ने की मारपीट

**महासमुंद।** मीना बाजार घूमने गए एक व्यक्ति के साथ पिथौरा में अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी कुपेश बरिहा ग्राम पाटनदादर डीपापारा थाना सांकरा ने बताया कि 5 जुलाई को अपने बड़े भाई राजेश बरिहा, दोस्त खगेश्वर खडिया के साथ पिथौरा में मीना बाजार घूमने आया था। मीना बाजार के बाहर हम तीनों निकले थे। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे धक्का दिया, जब उसे पूछा धक्का क्यों दे रहा है, इतने में गाली गलौज कर अज्ञात व्यक्ति एवं उसके अन्य दो-तीन साथियों ने पकड़कर पेट में चाकू नुमा किसी वस्तु से मार कर चोट पहुंचाया। जब उसका भाई राजेश बरिहा बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# नौ दिनों का विश्राम समाप्त, वापस अपने मंदिर में विराजित हुए जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने मौसी मां के घर से विदा होकर 9 दिन बाद गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार होकर वापस अपने मंदिर में विराजित हुए। छग करण महांती समाज, मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में नगर में बाहुड़ा यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। 6 जुलाई को भगवान जगन्नाथ को बारिश के कारण देर शाम बाजे-गाजे के साथ सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से निकाला गया।

बाहुड़ा यात्रा सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से निकली और गंजपारा, स्वामी चौक, नेहरू चौक, महामाया मंदिर होते हुए गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। जहां भगवान के विग्रहों को वापस मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद से 4 माह के लिए भगवान योग निंद्रा में चले जाएंगें। मौसी के घर 9 दिन गुजारने के बाद महाप्रभु जगन्नाथ, रविवार शाम बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ रथ में सवार होकर अपने धाम लौट आए।

## अपने मौसी मां के घर से विदा होकर 9 दिन बाद गाजे-बाजे के साथ निकले प्रभु

### बाहुड़ा यात्रा क्या है

बाहुड़ा का शाब्दिक अर्थ है "वापसी" या "लौटना"। रथ यात्रा के नौ दिनों के बाद, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपनी मौसी मां गुंडिचा के मंदिर से अपने मुख्य मंदिर, श्री मंदिर, वापस लौटते हैं। यह यात्रा उतनी ही महत्वपूर्ण और आनंदमय होती है जितनी मुख्य रथ यात्रा।



### घर वापसी का उल्लास

यह यात्रा एक परिवार के सदस्यों की घर वापसी के समान है। भक्तगण जानते हैं कि उनके आराध्य अब अपने मूल निवास पर लौट रहे हैं। इसलिए वापसी के दौरान उसी उत्साह से रथ का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। जगह-जगह भक्तों ने फूलों से जगन्नाथ भगवान के स्वागत के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

## योजना : जिले में इस वर्ष 470 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य

# मानसून आने के बाद ऋण वितरण में आई तेजी, 287 करोड़ वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून की अच्छी बारिश के साथ

- अब तक 64 हजार 337 किसानों ने लिया 287 करोड़ का ऋण



किसानों द्वारा ऋण लेने की प्रक्रिया में भी तेजी आई है। जिले में 64 हजार 337 किसानों को अब तक 287 करोड़ रुपए ऋण का वितरण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि जिले में इस वर्ष 470 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में एक अप्रैल से खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण किया जा रहा है। किसान खेती के लिए खाद, बीज और अन्य रसायनिक दवाओं के लिए प्रतिवर्ष समितियों व बैंक के माध्यम से ऋण लेते हैं। शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्प अवधि के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पिछले साल 434 करोड़ ऋण वितरण का लक्ष्य था और 426 करोड़ रुपए का ऋण वितरण हो पाया था। लक्ष्य से कम ऋण वितरण हुआ था।

इस वर्ष भी सहकारी बैंक को उम्मीद है कि लक्ष्य से ज्यादा ऋण वितरण होगा। समितियों में किसान पहुंच रहे हैं। खरीफ सीजन के लिए ऋण का वितरण 30 सितंबर तक किया जाएगा। किसानों के पास अभी दो महीने का समय है। अल्पकालीन ऋण वितरण की वसूली धान खरीदी के माध्यम से की जाती है।

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल से ऋण वितरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 287.50 करोड़ ऋण वितरण किया जा चुका है।

### एक लाख 57 हजार पंजीकृत किसान

जिले में धान की फसल लेने वाले एक लाख 57 हजार किसान पंजीकृत हैं। प्रतिवर्ष किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस तरह ऋण लेने वाले किसानों की संख्या में भी प्रतिवर्ष इजाफा हो रहा है। 2024-25 में लगभग 82 हजार किसानों ने ऋण लिया था।

### 27 करोड़ की वसूली

रबी सीजन में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर 38 करोड़ रुपए ऋण वितरण किया गया था और अब तक 27 कराड़ रुपए ऋण की वसूली हो गई है। 70 प्रतिशत ऋण की वसूली की जा चुकी है। जिन किसानों ने ऋण का भुगतान नहीं किया है, उनसे राशि का भुगतान करने की अपील की जा रही है।

### बैंकों में चहल-पहल

जिला सहकारी बैंक में इन दिनों किसानों की भीड़ उमड़ रही है। पैसा निकालने के लिए प्रतिदिन कतार लग रही है। किसानों का पैसा सहकारी बैंक के खाते में ही आता है, खरीफ फसल लेने के लिए किसान पैसा निकालने भी बैंक पहुंच रहे हैं। किसान खाद व बीज के लिए ऋण लेते हैं।

# अवैध रेत परिवहन पर कड़ी कार्रवाई, 5 हाईवा वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज विभाग की कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहकम में रेत का अवैध परिवहन करते हुए 5 हाईवा वाहन को जब्त किया। सभी वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया है।

खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व



में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में मिली लाश के मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** धनराज जंगल में मिली एक व्यक्ति की लाश के मामले में सरायपाली पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक चैतन सिंह पिता चमरू सिंह (47 साल) डोंगरीपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद की मृत्यु के संबंध में मृतक के परिजन एवं अन्य से पूछताछ करने पर पता चला कि चैतन सिंह का स्वास्थ्य खराब था जिसे इलाज हेतु 8 जून की शाम के समय लंबर ले जाते समय लंबर के पहले पूर्व सरपंच निर्मल जाटवर का ब्रिक्स का फैक्ट्री है, जहां पैसा मांगने के लिए उतरना एवं वहीं से जंगल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भागना बताया गया। आसपास पता तलाश करने कुछ बता नहीं चला। इसके बाद 9 जून को परिजन एवं गांव के लोगों के द्वारा लंबर के पास धनराज जंगल में खोजने पर मृतक का शव छाती के बल पर पड़ा मिला। मृतक के दाहिने पैर के टखने के पास जलना तथा बायें पैर के घुटने के नीचे का हड्डी जलना पाया गया । पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा धनराज जंगल में जंगली जानवरों की शिकार के लिए बिछाए गये करंट युक्त तार की चपेट में आने से चैतन सिंह की मृत्यु होना बताया गया वहीं पीएम रिपोर्ट में डाक्टर के द्वारा चैतन सिंह की मृत्यु बिजली करंट से होना लेख किया गया है । परिजनों एवं अन्य के कथन, पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

# पंचायत सचिव की गैर मौजूदगी आक्रोशित ग्रामीणों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकराडीह के सरपंच और पंचों व ग्रामीणों ने शनिवार को पंचायत सचिव के पदभार के बाद भी ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं होने से ग्रमीणों को होने वाले समस्याओं के चलते पंचायत भवन में ताला बंदी कर प्रदर्शन किया। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को हटाने और नए सचिव को प्रभार देने की मांग की।

सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन तक दर्जनों बार जाकर पदस्थ सचिव को हटाने और नए सचिव को प्रभार देने के लिए निवेदन किया है। प्रशासन ने भी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की सुध लेकर पदस्थ सचिव प्रेमलता सूर्यवंशी को वहां से हटा दिया और नए सचिव लीलाधर ध्रुव जो ग्राम भावा में पदस्थ थे उसे कुकराडीह भेज दिया।



उक्त आदेश 29 मई को जारी किया गया था। माह भर बीत गए हैं सचिव ने अब तक पंचायत में हाजिरी नहीं लगाई है। इससे ग्रामीण परेशान है। जिला पंचायत ने नए सचिव के पदभार को लेकर आदेश तो जारी कर दिए हैं लेकिन सचिव अब तक ग्राम पंचायत को झांकने के लिए भी नहीं गए हैं, जिससे अब पंचायत प्रतिनिधि परेशान हो चुके हैं और ग्राम पंचायत में एक भी कार्य नहीं हो रहे हैं। बरसात का समय है साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शनिवार को शाम 4 बजे पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पर ताला लगाकर वहीं पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक नए सचिव पंचायत नहीं आएंगे तब तक पंचायत का ताला नहीं खुलेगा। ग्रामीणों ने रोज पंचायत के पास बैठकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# केसीसी लोन के नाम पर 3.80 लाख रुपए की ठगी

**महासमुंद।** केसीसी लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ करीब 3.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है।

बलौदा पुलिस ने बताया कि आवेदक लोचन सिंह दीवान पिता ननकीराम दीवान निवासी कालीदरहा ने द्वारा पूरन सिंह ठाकुर पिता गंगाधर ठाकुर ग्राम कोटद्वारी एवं संजय रथ पिता हेमसागर ग्राम कोटद्वारी द्वारा उसके साथ केसीसी लोन के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज कराई है पुलिस आवेदन की जांच करने पर पाया कि आरोपी पूरन सिंह ठाकुर आवेदक लोचन दीवान को पहले से जानता था। आवेदक लोचन दीवान को मकान बनाने के लिए पैसे की जरूरत पड़ने पर आरोपी पूरन सिंह ठाकुर उसे संजय रथ के पास ले गया, जो कि लोन दिलाने का काम करता था। इसके बाद आरोपी संजय रथ और पूरन सिंह द्वारा लोचन दीवान से केसीसी लोन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, किसान किताब, फोटोग्राफ और मतदाता परिचय पत्र को आदि को लेकर बैंक के फार्म में हस्ताक्षर कराकर केसीसी लोन के लिए आवेदन कराए। साथ आवेदन कराते समय एक्सिस बैंक शाखा सरायपाली में आवेदक के नाम से खाता खुलवाया ताकि लोन का पैसा इस खाते में जमा हो सके। खाता खुलवाते समय आवेदक की बिना सहमति एवं जानकारी के खाते में आरोपियों द्वारा अपना मोबाईल नंबर लिंक करा दिया इसके बाद एक्सिस बैंक शाखा सरायपाली से 05.07.2021 को लगभग 7,19,497 रुपए केसीसी लोन पास होने पर अपने उस नंबर पर यूपीआई ट्रांजेक्शन चालू कर संजय रथ द्वारा यूपीए के माध्यम से लोचन दीवान के एक्सिस बैंक सरायपाली के खाते में अपने बैंक आफ इंडिया के खाते कुल 1,16,100 रुपए को एवं अलग-अलग एकाउंट में 2,54,800 कुल रुपए 3,70,900 रुपए को बैंक से निकाल कर दिनांक 05.07.2021 से दिनांक 12.05.2022 तक धोखाधड़ी किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब का अवैध विक्रय और परिवहन, आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब के अवैध विक्रय और परिवहन के मामलों पर जिले की पुलिस ने कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर ग्राम मनबाय पहुंचकर आरोपी विकास पिता श्याम सुंदन निराला (35) के कब्जे से महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुप एवं बिक्री रकम 1200 रुपए कुल 2400 रुपए को जब्त किया। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस ने बताया कि तुमाडबरी स्कूल के पास एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व मसाला शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना मिली थी की एक व्यक्ति बेमचा भट्ठी से अधिक मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से महासमुंद की ओर जाने वाला है। बाद तुमाडबरी स्कूल के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजे 2748 में आ रहा था, जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपना नाम राम खिलावन साहू पिता स्व मंगलू राम साहू (50) वार्ड न. 01 शंकर नगर महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन एवं 10 पौवा देशी मसाला शराब कुल कीमत 2920 रुपए और स्कूटी को जब्त किया। वहीं पिथौरा पुलिस ने बया रोड से लक्ष्मीपुर जाने वाली रोड किनारे पटेल चिकन सेंटर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखे महुआ शराब को जब्त किया। आरोपी घुरऊ राम पटेल के कब्जे से महुआ शराब जुमला 12 लीटर महुआ शराब कीमत 2400 रुपए को जब्त किया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




## मांगलिक आयोजन के नहीं होने से चार माह तक कारोबार रहेगा मंदा

# भगवान विष्णु चार माह तक शयन में, नहीं होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन से पालनहार भगवान विष्णु चार माह तक शयन में चले गए। इस दौरान अब कोई मांगलिक कार्य नही होंगे। चातुर्मास में सभी देवों के शयन में जानेपर सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों आ जाता है। और इस दौरान शिव पूजन का बड़ा महत्व माना जाता है।



देवशयनी एकादशी रविवार के दिन रहा। हिंदू धर्म के अनुसार इस दिन भगवान हरि नारायण विष्णु शयन करते हैं। भगवान विष्णु के शयन के चलते सभी मांगलिक कार्य 4 माह के लिए थम जाएंगे। इस बार 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी पश्चात देव जागृत होंगे। ज्योतिषाचार्य के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी की तिथि 5 जुलाई को 6.58 पर शुरू हुआ जो रविवार को रात 9.14 बजे तक रहा। उदया तिथि के आधार पर देवशयनी एकादशी का व्रत रविवार को रखा गया और व्रत का पारण आज होगा।

### व्यवसाय पर पड़ेगा असर

देवशयनी एकादशी के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्य पर विराम लगने से व्यापार पर भी असर रहेगा। ऑनलाइन कारोबार की तेजी के कारण बाजार में अपेक्षाकृत मंदी की मार झेल रहा है। मांगलिक कार्य बंद होने से इन चार माह में ग्राहकी घटेगी। शादी विवाह की खरीदारी नहीं होने के कारण कूलर फ्रिज पंखा एसी एलईडी, कपड़े, ज्वेलरी आदि की खरीदारी नहीं होगी। हालांकि नवरात्र में मांगलिक कार्य होंगे तो बाजार में कुछ तेजी दिखेगी। वर्ष भर में नवरात्र, तीज जैसे कुछ अबूझ मुहूर्त होते हैं। जिनमें सभी मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं।

### इस वर्ष सिर्फ 12 शुभ मुहूर्त शेष

इस माह का 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इसके बाद नवंबर में ही विवाह मुहूर्त होंगे। नवंबर में 2, 3, 8, 12, 15, 16, 22, 23 व 25 नवंबर है। इसी तरह दिसंबर में 4, 5, 6 को शुभ मुहूर्त होगा। होगा। इस तरह वर्ष 2025 में अब कुल 12 दिन ही विवाह के शुभ मुहूर्त होंगे। इस बार 6 जुलाई से देवशयन काल शुरू हो रहा है, जो 118 दिन चलेगा। इस बार पिछली बार से सभी त्योहार लगभग 11 दिन पहले होंगे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

विशाखापट्टनम के प्रख्यात हॉस्पिटल्स में 10 वर्षों से अधिक अनुभव
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
• एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
• कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
• स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
• स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
• आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
अब बसना में प्रतिदिन उपलब्ध
AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
राशन कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज
किफायती दरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध.

## खबर संक्षेप

### सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधरोपण

**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

### टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर त्रिलोक कश्यप, दयालुराम नेताम, असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधानपाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, पार्वती ध्रुव समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है।

## निधन

### गणेशी सोनकर



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड रामबाग निवासी गणेशी सोनकर पति स्व. जगदीश सोनकर 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे शांतिघाट नहर नाका में किया गया। वे जगदीश होटल के संचालक रामेश्वर सोनकर, पवन सोनकर की माता थीं।

पांवद्वार पंचायत भवन 50 साल पुराना, नए भवन की मांग कर रहे ग्रामीण

# जर्जर पंचायत भवन में बैठने जनप्रतिनिधि मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





नगरी विकासखंड का ग्राम पंचायत पांवद्वार पूरी तरह जर्जर हो गया है। ग्रामीण कई साल से नए पंचायत भवन की मांग कर रहे हैं। एक कहावत है दीया तले अंधेरा। यह बात चरितार्थ हो रही ग्राम पंचायत पांवद्वार के जर्जर पंचायत भवन पर। इस पंचायत भवन में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बैठकर गांव के विकास की नई इबारत लिखते हैं। इस जगह पर ही बैठकर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रस्ताव बनाया जाता है लेकिन जिस जगह प्रस्ताव तैयार किया जाता है, वह भवन ही कच्चा और जर्जर हो तो फिर क्या कहना।

### बारिश में छत से टपकता है पानी

ग्राम पंचायत पांवद्वार का भवन इतना जर्जर हो चुका है कि यह कभी भी भर-भराकर गिर सकता है। सरपंच राकेश नेताम ने बताया कि यह भवन लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित है । कवेलू और खपरैल से बना हुआ कच्चा मकान है। इस भवन की दीवारों पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई हैं। भवन में लगी लकड़ियां पूरी तरह सड़ चुकी हैं। फर्श उखड़ रहा है। बारिश में छत से पानी टपकता है।

### हर पल अनहोनी की आशंका

इस खपरैलयुक्त टूटे- फूटे कच्चे भवन में ग्राम पंचायत की बैठक और ग्रामसभा आयोजित की जाती है। सरपंच, सचिव एवं अन्य कर्मचारी आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए यहां उपस्थित होते हैं वहीं दूसरी ओर इस बात का भी मन में डर बना रहता है कि कहीं यह जर्जर भवन अचानक न गिर जाए। हर पल अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

### आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

पंच शोभराय नेताम, सेवाराम बघेल, चेतन यादव, ग्राम पटेल गिरधर देव, रिखीराम देवांगन, कमलेश यादव, टिकेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब-जब जिले के आला अधिकारियों का दौरा यहां होता है तब-तब इस भवन की दुर्दशा से उन्हें अवगत कराया जाता है लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिलता।

### प्रस्ताव शासन-प्रशासन को भेजा गया

इस संबंध में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने बताया कि मुझे भी यह जानकारी मिली है कि पंचायत भवन काफी पुराना है। जर्जर हो गया है। सुशासन तिहार में इसकी मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस भवन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन-प्रशासन को भेजा गया है।

# कराते, योग प्रशिक्षण तथा आरटीई के बच्चों को किया गया गणवेश वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यालय में सभी बच्चों को कराते और योग प्रशिक्षण ताइक्वांडो मास्टर नीलकंठ साहू तथा उनके टीम द्वारा स्कूल प्रांगण में कराया गया। साथ ही आरटीई के बच्चों को गणवेश वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे, संरक्षक ललित मेश्राम तथा गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य रिखीराम साहू की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद कराते मास्टर द्वारा विभिन्न प्रकार की कराते, योगा की गतिविधियां विद्यालय के बच्चों को कराया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले आरटीई के बच्चों को शासन द्वारा प्रदाय गणवेश का वितरण किया गया। संस्था के प्रचार कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहां कराते का अभ्यास शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल आत्मरक्षा के लिए एक कौशल है, बल्कि यह आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस को भी बढ़ावा देता है।

संस्था अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने कहा कराते एक जापानी शब्द है, जिसका अर्थ है- खाली हाथ। इसकी उत्पत्ति ओकिनावा में हुई, जो उस समय रयुकू साम्राज्य का हिस्सा था। मूल रूप से चीन से ओकिनावा आया था और 20वीं शताब्दी में जापान में लोकप्रिय हुआ, फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल गया। इसका विकास 17वीं शताब्दी में, ओकिनावा में हथियार रखने पर प्रतिबंध लगने के बाद, कराते का विकास एक हथियार रहित आत्मरक्षा प्रणाली के रूप में हुआ। कराते शारीरिक अनुकूलन का एक दक्ष रूप है, जो किसी के द्वारा अभ्यास किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण क्षेत्र में हृदय गति बढ़ाकर वायुजीवी अनुकूलता को विकसित करता है और उसे वहां महत्वपूर्ण अंतरालों के लिए रखता है। शरीर के खुद के भार का उपयोग कर व्यायाम करने से शक्ति उत्तरोत्तर विकसित होती जाती है।

समिति के संरक्षक ललित मेश्राम ने कहा कि कराते एक मूल्यवान मार्शल आर्ट है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई लाभ प्रदान करता है। यह आत्म रक्षा, आत्मविश्वास और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणो को विकसित करने में मदद करता है। समिति की वरिष्ठ सदस्य रिखीराम साहू ने आरटीई तहत विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का स्वागत चंदन, तिलक एवं मिठाई खिलाकर किया गया। उन्होंने आगे बताया सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, निशुल्क पाठ पुस्तक, आरटीई के तहत गणवेश जैसी योजनाएं बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए सहायक है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नंद कुमार साहू ने किया।

कार्यक्रम में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, ऋषभ साहू, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, दिनेश प्रताप ठाकुर, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, योगिता कन्नौजे, किरण विश्वकर्मा, जयश्री श्रीवास्तव, संजू पारेश्वर, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, बसंती यादव, लता निषाद, भूमिका चंद्राकर, गायत्री सेन, सुनीता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, पायल चंद्राकर, जानकी साहू, रामेश्वरी साहू, प्रिया योगी, गौरी साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी संस्था के शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

### कोटेश्वर महादेव मंदिर में सावन महोत्सव की तैयारी शुरू



**नगरी।** कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटाभर्री (डोंगरडुला) में सावन महोत्सव की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा एवं विशेष पूजन की रूपरेखा तैयार की गई है। इस आयोजन के मार्गदर्शक सत्यनारायण, संरक्षक मदन नाग, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू, सचिव संतोष चौहान की देखरेख में धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी सुचारु रूप से चल रही है।

बैठक में कुलदीप साहू, हरक मंडावी, अनराज साहू, पेमेंद्र साहू, पुसऊ, बिपत सोरी, फुलेश्वरी नेताम, पुष्पा मंडावी, प्रताप साहू, महावीर गुप्ता, भोला शर्मा, मुरारी ग्वाल, दुखवा, धनी राम, सोहन मरकाम समेत अन्य मौजूद थे।

सावन के हर सोमवार को शिव का अभिषेक, रुद्राभिषेक, झांकी सजावट एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जल सेवा तथा भक्तिमय वातावरण की व्यवस्था की जा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बसंत हिरवानी ने दी है।

## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**कुरुद।** कुरुद नगर के भाजपाइयों ने भाजपा के संस्थापक डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुराना बाजार चौक स्थित उसकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेतागण भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिनारायण साहू, हरिशंकर सोनवानी, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, विकास चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, खिल्लू देवांगन, महेश सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, सूरज देवांगन, बल्लू चन्द्राकर, बजरंगी, विकास, डेविड देवांगन उपस्थित थे।

### जरवायडीह में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत जरवायडीह में 15वें वित्त से तालाब पार में 2 लाख रुपये से बनने वाले सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चंदूलाल पाल, उपसरपंच गोविंदा पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष खेदुराम पटेल, दीनदयाल पाल, चंद्रहास पटेल पंच, कन्हैया पाल, दिलीप पाल, तिलक पाल समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिलघट के मुक्तिधाम में 42 पौधे रोपे गए



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत सिलघट के मुक्तिधाम में एक पेड़ मां के नाम पर 42 पौधों का रोपण किया गया जिसमें अशोक 35, बादाम 4, पीपल 1, बरगद 1 एवं बेल का 1 पौधा लगाया गया। मौके पर अध्यक्ष भाजपा मंडल भखारा रवि सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि चेतन सोनकर, शिक्षकगण मोहन सिन्हा, खिलावन साहू, बिशेसर सिन्हा, दिलीप सिन्हा, हुमन सिन्हा, सुरेन्द्र सिन्हा, ठकेश्वर साहू, रेखराम सिन्हा, थलेश सिन्हा, संजय सिन्हा, ईश्वर सोनकर, धर्मेन्द्र निषाद समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# नारी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम नारी में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया।

इस अवसर पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने बताया कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व शिक्षाविद थे। श्री मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक तथा 1921 में बीए की परीक्षा पास की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात विदेश चले गए। 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुकरण करते हुए उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक रहे।

कार्यक्रम में थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य नारी, सालिकराम साहू सरपंच प्रतिनिधि नारी, नंदलाल सोनकर उपसरपंच, धर्मेंद्र चक्रधारी बूथ अध्यक्ष, कुलेश्वर भास्कर, हिरामन चक्रधारी, हरिचंद, टिकेश, गयाराम पांडे, कृपाराम यादव, जागेश्वर चक्रधारी, मिथुन चक्रधारी, मिथिलेश, निर्मल सोनकर शामिल हुए।

रासेयो छात्रों ने उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपनाने का लिया संकल्प

# पचपेड़ी स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। संस्था में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांतों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सीएच साहू ने स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के उपलब्धियों के बारे में बताया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने स्वामी जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके नरेंद्र दत्त से स्वामी विवेकानंद बनने तक की जीवन यात्रा का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता एचसी पटेल एवं व्यायाम शिक्षक सुरेशकुमार निषाद का विशेष सहयोग रहा।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन और धर्म का प्रचारक बताते हुए राष्ट्र का सजग प्रहरी बताया तथा युवाओं को स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श स्वीकार करने की बात कही।

## भगवान जगन्नाथ 11 दिन बाद ननिहाल से लौटे



**कोर्रा (भखारा)।** भगवान जगन्नाथ की 11 दिनों के बाद वापसी हुई। जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ग्राम अमलीडीह द्वारा भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को यथास्थान पर स्थापित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, पुजारी सतवन साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव युंजू साहू, सरपंच नेमीन साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, देवनाथ साहू,पोषण लाल, श्रवण यादव, संजय साहू, खुलेश्वर साहू, धामु साहू, सागर साहू, कीर्तन साहू, रूपराम निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, डागेश्वर यादव, डोमार साहू, बीरेंद्र साहू, रोमसिंह साहू, रामेश्वर साहू, चुम्मन साहू ,मोनू साहू, सोनू यादव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संकल्प हथौड़े जैसा हो, तकिये जैसा नहीं : वैभव श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी में चातुर्मास के लिए पहुंची जैन साध्वी वैभव श्रीजी मसा ने ओसवाल भवन में प्रवचन की शुरुआत करते हुए कहा कि संकल्प यदि मजबूत हो तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी कील को तकिये से बार-बार मारे तो कुछ नहीं होगा, लेकिन यदि उसी कील पर संकल्प रूपी हथौड़े से एक बार प्रहार करें तो वह दीवार में धंस जाती है।

प्रवचन की शुरुआत साध्वी काव्या मसा ने करते हुए कहा कि हम थोड़ा-सा धन देखकर भगवान को भूल जाते हैं, जबकि सच्चा चिंतन यह होना चाहिए कि यदि भगवान मिल जाए, तो धन भी स्वयं मिल जाएगा। साध्वी वैभव श्रीजी ने कहा कि आज हमारी सोच स्वार्थ केंद्रित हो गई है। जब मनचाही चीज़ मिलती है तो श्रेय स्वयं ले लेते हैं और जब कुछ विपरीत होता है तो भगवान को दोष देते हैं। कोरोना काल में यदि कोई गुजर गया तो भी हम ईश्वर को कोसते हैं, लेकिन आत्ममंथन नहीं करते। हम अच्छाई की बजाय गलतियों को खोजते हैं और दिनभर उलझनों में ही पड़े रहते हैं।

उन्होंने प्रवचन में एक प्रेरक कहानी के माध्यम से यह भी बताया कि कैसे हम सही और गलत का निर्णय करते हैं और उसमें भी पूर्वाग्रह लाते हैं। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थिति रही। आज का प्रवचन खुश रहने के उपाय विषय पर होगा।

## खबर संक्षेप

### संविधान सभा के लिए आज रायपुर जाएंगे कांग्रेसजन

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि किसान-जवान-संविधान सभा 7 जुलाई को साइंस कॉलेज रायपुर में होगी। जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन होगा। इस सभा में शामिल होने के लिए नदी मोड़ में सुबह 9 बजे सभी कांग्रेसजन एकत्रित होकर रायपुर प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर प्रभारी पंकज मिश्रा उपस्थित रहेंगे। सुनील शर्मा, खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, खिलावन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, करण दीवान, पुष्पेंद्र पटेल, रामनारायण आदित्य, विजय कुमार साहू, रवि कश्यप, संतोष पटेल, जितेंद्र सिदार, बलराम भोई आदि ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सेवादल, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को सभा में शामिल होने की अपील की है।

### नशीली कैप्सूल बेचते एक और युवक गिरफ्तार

**कुरूद।** कुरूद पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कैप्सूल बेचने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 216 नग नशीली कैप्सूल एवं नकदी रकम बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अटल आवास कुरूद निवासी एक युवक द्वारा नहर पार किनारे काले सफेद रंग के गमछे में नशीली दवाई की बिक्री की जा रही है। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक भूपेन्द्र साहू पिता चंद्रकुमार साहू उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास कुरूद को पकड़ा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 216 नग नशीली कैप्सूल वजन 83.160 ग्राम, अनुमानित कीमत 2,397.60 रूपये तथा बिक्री से प्राप्त रकम 300 रूपये नकद बरामद की गई। आरोपी का कृत्य धारा 22 (ख) नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के अंतर्गत पाए जाने पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## पिथौरा में निकाली गई बहुड़ा यात्रा, भक्तों ने किए दर्शन



पिथौरा(ग्रामीण)। रथयात्रा पर्व बहुड़ा रथ (फिरती रथ) धूमधाम से हुआ। 9 दिन पहले अपने मौसी के घर गए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा वापस जगन्नाथ मंदिर में विराजमान हुए। इस बहुड़ा रथ में जोरदार बारिश के बावजूद नगरवासियों ने बड़े ही श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन किए। जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने आगवानी की। इस दौरान आयोजक समिति के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### आस्था : विधायक के अगुवाई निकाली गई बहुड़ा यात्रा

# बसना में निकाली गई बहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा ओडिशा के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी विख्यात है। यहां जगन्नाथ स्वामी की एक झलक पाने के लिए भक्त कोसों दूर का सफर कर जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा में शामिल होते हैं। इस दिन भगवान अपने मंदिर को छोड़कर भक्तों को दर्शन देने नगर में भ्रमण करते हैं। यह पर्व समूचा जगत के लिए उल्लास और उमंग के साथ प्रभु का दर्शन पाने और भक्ति में लीन होने का पर्याय है। जगन्नाथ प्रभु की भक्ति में झूमते गाते नगरवासियों ने जगन्नाथ महाप्रभु की जयघोष के साथ अपनी आस्था प्रकट की। भगवान जगन्नाथ स्वामी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भक्तों को दर्शन देते अपने मौसी के घर नौ दिन विश्राम के बाद पुनः भक्तों को दर्शन देते मंदिर आते हैं। इसी तारतम्य में बसना के श्रीराम जानकी मंदिर से जगन्नाथ महाप्रभु को रथ में आरूढ़ कराकर भक्तों के दर्शन लाभ हेतु नगर भ्रमण पश्चात थाना परिसर स्थित मंदिर में नौ दिन विश्राम के बाद शनिवार की संध्या 3 बजे श्रीराम जानकी मंदिर समिति बसना के अध्यक्ष एवं बसना विधायक डा. संपत अग्रवाल की अगुवाई में मंदिर समिति के सभी सदस्यों एवं नगर के जनप्रतिनिधियों, गाहक बाहक की नृत्य गान के बीच थाना परिसर से नगर भ्रमण करते हुए मंडी परिसर पहुंची। जहां हजारों लोगों ने जगन्नाथ



महाप्रभु का पुण्य दर्शन लाभ के साथ प्रसाद ग्रहण किया। बहुड़ा रथयात्रा पर थाना स्थित मंदिर में आयोजित पूजन में यजमान थाना निरीक्षक नरेंद्र राठौर ने अर्चक पुरोहित संदीप शास्त्री एवं किशोर दास के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन सम्पन्न करवाए। बसना विधायक डा. सम्पत अग्रवाल ने बहुड़ा रथयात्रा के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रीराम जानकी मंदिर समिति बसना के संरक्षक आनंद मदनानी, राधे अग्रवाल, डा. एनके अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, जयन्ती अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जोशी, तरूण दास, रामचंद्र अग्रवाल, जय नारायण अग्रवाल, भगतराम वाधवा, सचिव अभय धृतलहरे, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, निर्मल दास, श्यामलाल अग्रवाल, बलदेव मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, जगदीश दास, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, विहिप जिलाध्यक्ष शौरव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, रघुवीर अग्रवाल, कामेश बंजारा, दिनेश डडसेना, पत्रकार आर के दास, मनहरण सोनवानी, अमृत चौधरी, सरोज पटेल, मुकेश अग्रवाल, अशोक साव, विद्या पटेल, विजय पटेल, आकाश सिन्हा, भगवान दास, इब्राहीम कादरी, फिरोज खान, गोवर्धन नंद, सीडी बघेल, कुंजराम यादव ,जीत यादव एवं क्षेत्र के सैकड़ों माताएं-बहनें एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने मनाई श्यामाप्रसाद की जयंती उड़ेला सोसाइटी प्रांगण में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

भाजपा मंडल भंवरपुर द्वारा ग्राम उड़ेला में भारतीय जनसंघ के संस्थापक वरिष्ठ नेता और भारत की एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्या. उड़ेला धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ मां के नाम से उपस्थित सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं सोसाइटी कर्मचारियों एवं आम नागरिक द्वारा फल दार, छायादार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान, मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी एवं अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आजाद भारत के इतिहास में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक एक ऐसे नाम हैं, जिनके लिए देश की एकता और अखंडता



से बढ़कर कुछ भी नहीं था उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्व में बंगाल तक उन्होंने देश की एक-एक इंच भूमि के लिए संघर्ष किया और जम्मू-कश्मीर से दो प्रधान, दो विधान, दो निशान समाप्त करने के लिए शहीद तक हो गए जनसंघ की स्थापना से उन्होंने एक ऐसा राजनीतिक विकल्प दिया। जिसके मूल में भारतीयता था। महान विचारक हम सब के प्रेरणापुंज व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सच्चे उपासक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। ऐसे ही उद्बोधनों से अपने अपने भाषणों पर हमारे एवं हमारे देश के लिए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कितने संघर्षशील व्यक्ति रहे, इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की समाप्ति पर गिरधारी लाल नायक ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी, जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान, मंडल मंत्री मोहित लाल नायक, प्राधिकृत अध्यक्ष सलखंड सोसायटी झनकराम चौधरी, प्राधिकृत अध्यक्ष उड़ेला सोसायटी संतराम निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. शिव चौधरी, पूर्व जिला युवा मोर्चा महामंत्री एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री भंवरपुर मंडल गिरधारी लाल नायक, सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सोमनाथ पटेल, प्रकाश सिंह पारेश्वर, अर्जुन चन्द्रवंशी, दुखनी भुमेश चौहान सभापति जनपद पंचायत बसना, श्रवण कुमार चौहान, बाबूलाल सिदार, भुनेश्वर साहू उड़ेला सोसायटी प्रभारी, हरकुमार पटेल, सहायक समिति प्रबंधक शिवलाल नायक, खाद्य विक्रेता बसंत लाल नायक एवं उड़ेला सोसायटी कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता भंवरपुर मंडल एवं अंचल के आम नागरिकजन मौजूद रहे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जयंती



**महासमुंद।** भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से नरेंद्र प्रकाश गिरी पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि महासमुंद उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद, चिंतक और भारतीय जन संघ के संस्थापक रहे। हम सब के प्रेरणा स्रोत एवं आदर्श हैं। इस अवसर पर दिग्विजय साहू दिग्गी अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, साजन यादव महामंत्री, डॉ माखन सिन्हा महामंत्री, परमानंद साहू उपाध्यक्ष, प्रेम साहू मंत्री, मेघराज चंद्रसेन मंत्री, जितेंद्र चंद्राकर, शुभम बाग एवं भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौठानों की उपेक्षा ने उजागर की भाजपा की नाकामी : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर

- केवल नौ माह में ही दिखने लगी है अव्यवस्था



ने कहा कि गौठानों की उपेक्षा ने भाजपा सरकार की नाकामी उजागर कर दी है, केवल 19 माह में अव्यवस्था दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महीनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा गौठान योजना, जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था, आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है। कांग्रेस सरकार के समय हर ग्राम पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था, जहां आवारा मवेशियों को सुरक्षा, देखभाल, और आहार-पानी की व्यवस्था मिलती थी। सरकारी जमीन चिन्हांकित कर संरक्षित स्थान बनाए गए थे, जहां गौ सेवा के साथ महिला स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार ने इन गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि गौर करने वाली बात यह है कि भाजपा गौ माता के नाम पर राजनीति तो करती है, लेकिन जब सेवा की बात आती है तो वही गौ माताएं सड़कों पर बेसहारा घूम रही हैं। भाजपा, जो गौ संरक्षण के नाम पर भावनात्मक राजनीति करती रही है, वही अब उनकी देखभाल तक सुनिश्चित नहीं कर पा रही है।

# देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए सदैव समर्पित रहे मुखर्जी: प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल केदुवां के ग्राम रिसेकेला में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सबसे पहले अतिथियों द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता प्रमोद सागर ने डा. मुखर्जी के जीवनी के संदर्भ में सारगर्भित शब्दों से अवगत कराते हुए कहा कि मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद, चिंतक व विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे। उन्होंने कहा कि उनका जीवन देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए सदैव समर्पित रहा। एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष करने वाले देश के महान सपूत के पावन चरणों में पुनः श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए डा. मुखर्जी की जीवनी का सारगर्भित शब्दों से उल्लेख किया।

कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित पौधरोपण कार्यक्रम प्रकृति संरक्षण व जलवायु को संतुलित संरक्षित रखने का संकल्प ले रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा मंडल केदुवां के कृषि साख सहकारी समिति रिसेकेला में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भाजपा मंडल केदुवां के मंडल अध्यक्ष दण्डधर साव एवं प्राधिकृत अध्यक्ष नेपाल राम साहू के नेतृत्व में मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता प्रमोद सागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिन्दू जागरूक संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, बंशीधर साहू, कोमल नायक, हेतराम पटेल, रवि चौहान उपस्थित रहे। जिसमें लालकुमार पटेल, बसंत



करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भाजपा मंडल केदुवां के कार्यकर्ता इस अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कर उसे पटेल, जयप्रकाश चौधरी, किरती कुमार पटेल, चित्रसेन साव, टिकेश्वर पटेल, शत्रुघन, आत्माराम, नेहरू पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए हुई पहली टेस्ट सीरिज

**महासमुंद।** जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए जिला खनिज न्यास निधि से संचालित नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय महासमुंद का औचक निरीक्षण सहायक संचालक योजना सह नोडल अधिकारी एमजी सतीश नायर द्वारा किया गया।

ज्ञातव्य है कि प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। निरीक्षण में विद्यार्थियों ने भी अपनी बात श्री नायर सर से साझा किया। जिसमें अकादमी व जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा हुई। चर्चा में मुख्य रुप से आवश्यक फर्नीचर के साथ साथ नवीन संस्करण की पुस्तकें एवं नवीन रीडिंग कंपार्टमेंट की आवश्यकता शामिल था। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित पाए गए।



जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पहला टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में संस्था में अध्ययनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम दूसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02 आगामी 13 जुलाई 2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक, नए सदस्यों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में नवीन सदस्यों चिंतामणी चंद्राकर प्रधान पाठक एवं प्रदीप कुमार अग्रवाल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का अंग वस्त्र, श्रीफल, सदस्यता सम्मान पत्र एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के लिए बीके चंद्राकर के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति से आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है। समिति के संयोजक बंशीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रुपए राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। उसके पश्चात माह जुलाई में जिन सदस्यों का जन्म दिवस है उन सदस्यों का जन्म दिवस भी मनाया गया। इसमें हरक राम चंद्राकर, मनराखन लाल ध्रुव, केके हनुमंता, गौतम सिंह दीवान का श्रीफल से सम्मान करते हुए उनका जन्मदिन उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा अशोक गिरि गोस्वामी के अलावा रघुनाथ सिन्हा, प्रभा पडा, केके हनुमंता, रामलाल साहू, केआर चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर, अशोक कुमार यादव ने भी विचार रखा। प्रत्येक वर्ष माह जून जुलाई में आयकर रिटर्न भरा जाता है, इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा के प्रबंधक प्रवीण जैन द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि धोखाधड़ी से बचने के लिए, किसी प्रकार से ओटीपी आने पर न बताए एवं लिंक को टच न करें। प्रत्येक खाताधारक को अपने खाते में उत्तराधिकारी का नाम अवश्य प्रविष्ट करना है की जानकारी दी गई। सभी सदस्य रिटर्न अनिवार्य से जमा करें। ताकि, उनकी पेंशन में किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े। पेंशनर भवन में सदस्यों की





सहमति से गुप्त दानदाता द्वारा शौचालय का निर्माण किया जा रहा है इसके संबंध में संघ के सचिव बी आर देवांगन द्वारा जानकारी दी गई। व्यय अधिक होने के की स्थिति में सभी सदस्यों से आर्थिक सहयोग की अपील की गई। पेंशनर भवन में विद्युत आपूर्ति को देखते हुए नए विद्युत मीटर लगाने का काम चालू है। बैठक के अंत में दिवंगत पेंशनरों के लिए श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें चंदूलाल साहू सेवानिवृत्ति व्याख्याता को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई तथा पेंशनर संघ में उनकी सेवाओं को याद किया गया। जिला सचिव बैसाखू राम देवांगन ने आभार व्यक्त किया। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, रूपेश कुमार तिवारी, सचिव वैशाखू राम देवांगन, कोषाध्यक्ष मनराखन ध्रुव, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, उपाध्यक्ष केके हनुमंता, वरिष्ठ सदस्य बसंत कुमार चंद्राकर, आयोजन समिति के संयोजक बंसी लाल चंद्राकर, आरके चंद्राकर, आरके वर्मा, बोध राम साहू, बुधारू राम ध्रुव, लखन लाल कनौजे, चमन लाल चंद्राकर, केके चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, सतीश कुमार पांडेय, डीपी चौधरी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, एचआर साहू, डीआर देवांगन, मन्नू लाल साहू, दिनेश कुमार द्विवेदी, चमन लाल चंद्राकर, बैसाखूराम निर्मलकर, एस दीवान,भोजराम पटेल, डीसी राव भोसले, कांतिलाल यादव, भाव सिंह नेताम, बसंत साहू, राम कुमार साहू, भानु सूर्यवंशी, दिनेश कुमार द्विवेदी, प्रभा पंडा, सनमान सिंह दीवान, अरुण कुमार बंसोर, श्याम रतन देवांगन, जेएल साहू, सनद यादव, सालिक राम चंद्राकर, भाव सिंह नेताम, हरिराम नसीने, नरेंद्र महोबिया, परमानंद चंद्राकर, भगवत प्रसाद साहू, मनहरण लाल साहू, आरएल श्रीवास्तव, गोकुल राम साहू, पीसी पुरोहित, एमपी साहू, हरक राम चंद्राकर, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, प्रेमलाल पटेल आदि, उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सचिव वैशाखू राम देवांगन ने दी है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ग्राम खट्टी, प.ह.नं. 17,
रा.नि.मं- कोमाखान
तहसील कोमाखान, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कंशराम पटेल पिता मोहन पटेल जाति मरार निवासी खट्टी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र अनेश्वर पटेल पिता कंशराम पटेल की जन्म दिनांक 17.10.2007 को ग्राम खट्टी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक कंशराम पटेल द्वारा उक्त तिथि में अपने पुत्र अनेश्वर पटेल पिता कंशराम पटेल के जन्म दिनांक 17.10.2007 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.07. 2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ग्राम खट्टी, प.ह.न. 17.
रा.नि.मं- नर्रा
तहसील कोमाखान, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पदमन पिता सन्तुराम साहू जाति तेली निवासी खट्टी प.ह.न. 17 तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं का जन्म दिनांक 01.06.2001 को ग्राम खट्टी तहसील कोमाखान में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त तिथि में अपने स्वयं के जन्म दिनांक 01.06.2001 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18.06.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

## खबर संक्षेप



### पंजा कुश्ती में टिकेश्वर ने जीता गोल्ड मेडल

**महासमुंद।** केरल राज्य में आयोजित पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में टिकेश्वर सिन्हा ने गोल्ड मेडल जीता। इस जीत पर पूर्व सभापति हेमंत डड़सेना, सरपंच सरिता चूड़ामनी डड़सेना, गेंद राम जोशी, देवा सिन्हा, सरजू निषाद, पालेश्वर सिन्हा, महेश भगत, सोहन यादव एवं सभी ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।



### गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में गुरु पूर्णिमा पर गायत्री परिवार के सहयोग से गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 13 और 10वीं से 03, इस प्रकार कुल 16 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं की चांदनी साहू एवं चित्ररेखा साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं कीलिसा ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 10वीं की गरिमा टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से चांदनी साहू का चयन ब्लॉक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### चातुर्मास में रामचरित मानस का पाठ अवश्य करें

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि 6 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो गया। हरिशयनी एकादशी के बाद चार माह कोई भी मांगलिक कार्य वर्जित है। इस वर्ष चातुर्मास देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर देवउठनी एकादशी तक 119 दिनों की है।

## जागरूक : सहकारी समितियों को सौ-सौ पौधरोपण करने का दिया गया लक्ष्य

# ओंकारबंद धान खरीदी केंद्र परिसर में पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत जिले के सभी पैक्स समितियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग प्रति समिति में 100 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा के उपकेंद्र ओंकारबंद में द्वारिकानाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद ने बरगद, संजय गुप्ता वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक महासमुंद ने आम, पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने अशोक, जयप्रकाश साहू संस्था प्रमुख प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा ने नीम तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने फलदार, छायादार पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी ओंकारबंद स्थित सेवा सहकारी समिति के उपकेंद्र पहुंचकर बरगद के पौधे का रोपण कर आगामी समय में पौधों के वृक्ष बनने के बाद उनके महत्व पर बाते कही।

धान उपार्जन केंद्र ओंकारबंद में आयोजित पौधरोपण के दौरान मनीष चंद्राकर प्रबंधक सहकारी समिति मामाभांचा, नोमेंद्र साहू प्रबंधक झारा, यशवंत महोबिया प्रबंधक सुखरीडबरी, प्रेमलाल साहू, सुरेंद्र पटेल, चमन पटेल, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, खेमराज सिन्हा, योगेश सिन्हा,चंदू ध्रुव, तेजराम पटेल आदि उपस्थित रहे।



### बरगद पीपल देवतुल्य पौधे

पौधरोपण के दौरान द्वारिकानाथ क्रांत ने बताया कि सनातन में पीपल एवं बरगद को देवतुल्य पौधे कहा गया है। शास्त्रों के मुताबिक इन पौधों में देवता का वास होता है। उन्होंने कर्मचारियों को लगाए गए पौधे की संरक्षण तथा इस अभियान में अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीणों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### सैकड़ों पौधों को पेड़ बनते देखा

संस्था प्रमुख जयप्रकाश साहू ने कहा कि कर्मचारियों की ओर से अपने जन्मदिन अवसर पर लगाए गए सैकड़ों पौधों को पेड़ बनते देख काफी खुशी होती है। बंजर जमीन पर कर्मचारियों की मदद से लगाए गए पौधे अब फल फूल के साथ शुद्ध हवा एवं किसानों को गर्मी मे राहत दिला रही है।

# भाजपा सरकार खल्लारी के विकास के लिए प्रतिबद्ध : अलका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार खल्लारी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विष्णु का सुशासन मोदी की गारंटी के तहत सभी वर्गो के लिए गांव गरीब किसान मजदूर युवा महिला व्यापारी सबके हित की चिंता करती है।



भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय एवं सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास को साथ लेकर चलती है। आज खल्लारी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार में स्वीकृत हुआ है। एमकेबाहरा छूहिया अरंड में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख प्रत्येक, तेंदूकोना में महाविद्यालय भवन के लिए 456 लाख, कस्तूरबा आवासीय छात्रावास एवं खेल मैदान हेतु 300 लाख, ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु 137 लाख, पीएम उषा स्मार्ट कॉलेज हेतु 265.61 लाख, छुहीया-फिरंगी मार्ग सड़क पुल पुलिया निर्माण के लिए 670 लख रुपए, परसूली बनियातौरा मार्ग हेतु 281 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिनमें निविदा प्रक्रिया जारी है एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। छुहिया फिरंगी मार्ग ओपन स्टेडियम कार्य प्रारंभ है। आने वाले समय में शीघ्र ही अन्य बहु प्रतीक्षित मार्ग बिहाझर गांजर रेवा मार्ग, तेलीबांधा से पड़कीपाली मार्ग, डूमरपाली से घुंचापाली मार्ग, कमरौद चरोदा मार्ग, बेलर मोहदी मार्ग भी स्वीकृत होने के कगार पर है। अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। खल्लारी के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

## बियासी कार्य...



**नर्रा।** मानसून सक्रिय है। शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश रातभर होती रही। वहीं रविवार को भी अच्छी बारिश हुई। अब खेती किसानी कार्य में तेजी आएगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र में जो किसान आषाढ़ के शुरूआती दौर पर धान की बुआई कर चुके है, उनकी धान फसल बियासी करने लायक हो गई है। क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से उतार खेतों के अलावा बाहरा नार खेत में पानी का भराव होने से बियासी कार्य शुरू हो गया है। साथ ही रोपाई कार्य में गति आयेगी। अभी भी धान की बुआई कार्य जारी है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आज रायपुर में होगी महासभा : मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- संविधान महासभा में सभी को शामिल होने किया आग्रह

जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष आगामी 7 जुलाई सोमवार को सुबह 11 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे किसान-जवान-संविधान महासभा को संबोधित करेंगे। साथ ही फेल हुई सांय-सांय की डबल इंजन की सरकार की नाकामी को बताएंगे। डबल इंजन की सरकार में किसान, नौजवान सब ठगा सा महसूस कर रहे है। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम हो या युवाओं को रोजगार की बात हो सब केवल पोस्टर बनकर रह गया है। आज इस सांय-सांय की सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है, चाहे किसान हो, जवान हो या फिर संविधान। सब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कहने को डबल इंजन की सरकार है, लेकिन दोनों इंजन फेल चल रहा है। इन सभी समस्या व आम जनता की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सभा को संबोधित करने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बसना विधानसभा के किसान, नौजवान से किसान, जवान, संविधान महासभा में शामिल होकर अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान कर इस महालड़ाई में सहयोग देने की अपील की है।



# अलका ने नेत्रहीन विद्यालय में मनाया गया सांसद रूपकुमारी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- विद्यालय के छात्रों को फल, मिठाई व बिस्कुल बांटे

लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी का जन्मदिन अल्का नरेश चंद्राकर ने फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय में भव्य आयोजन के बीच मनाया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सांसद को जन्मदिन की बधाई दी और केक काटकर छात्रों को फल मिठाई बिस्कुट वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अलका चंद्राकर ने कहा कि बड़े खुशी की बात है कि हम करमापटपर स्थित नेत्रहीन विद्यालय में हम सांसद का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना रहे हैं। पूरे छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, स्टाफ, भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से सांसद को जन्मदिन की बधाई देते हुए माता चंडी मां खल्लारी से उनके दीर्घायु व स्वस्थ प्रसन्न रहने की कामना एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। इस अवसर पर अलका चंद्राकर नरेश चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, डाली डिंपल ध्रुव, हेमंत तिवारी, रूपेश साहू, कोमल साहू सहित स्कूल के डायरेक्टर निरंजन साहू, लक्ष्मी प्रिया साहू, रश्मि साहू, भूमिका यादव, पुष्प लता पटेल, वर्षा चक्रधारी, ललित नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का किया गया। सभा का शुभारम्भ शाकंभरी माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। सभा में गांव के विकास व समस्याओं को लेकर सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणजनों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जहां चर्चा में प्रमुख रूप से गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का विशेष लाभ मिले, इस चर्चा, परिचर्चा के साथ गांव नशामुक्ति को लेकर पूर्ण शराबबंदी, शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण के आलावा स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था में विशेष सुधार का कार्य व आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही बारिश के समय को ध्यान में रखते हुए सरपंच ने पौधरोपण, गांव की साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से कराने ग्रामीणों से अपील भी की। इस अवसर पर उपसरपंच भेखराम साहू, पंचायत सचिव नेमीचंद साहू, हाईस्कूल व्याख्याता शोभा गुप्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता निखिल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दामिनी साहू, पिनिता साहू, मितानिन बालकुमारी साहू, नेमलता साहू, सक्रिय महिला के सदस्य, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों में ढेलूराम साहू, तिलक साहू, सतीश साहू, पोखन साहू, कृपाराम साहू, देवकराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नेतराम पटेल, पूर्व सैनिक भेखराम पटेल, देवानंद साहू, नीलकंठ पटेल, खिलेश साहू, संतराम पटेल, कमलनारायण साहू, नोशन पटेल संहित वार्ड पंचगण व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्यामाप्रसाद की मनाई गई जयंती

**महासमुंद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को मनाई गई। भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 181 में मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रहित में उनके योगदान का स्मरण किया गया। पूर्व पार्षद व मंडल महामंत्री मीना वर्मा ने मुखर्जी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के कल्पना के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए संघर्षों को बताते हुए कहा कि एक देश में दो संविधान, दो निशान और दो प्रधान के विरोध में भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम को खत्म करवाने के लिए संघर्ष करते हुए श्यामाप्रसाद ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। मुखर्जी के संघर्षो और कार्यों के कारण ही देश को कई टुकड़ों में विभाजित होने से बचाया जा सका है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, सारिका यादव, समीर करकसे, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, पद्मिनी सोना, राजकुमारी निषाद, दुर्पति नायक, अनिता ठाकुर, कुमारी निषाद, जीवन सिन्हा, विनय वर्मा सहित बड़ी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित रहे।



# बागबाहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने सर्व आदिवासी समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष थानसिंग दीवान की अध्यक्षता में 05 जुलाई शनिवार को आवश्यक बैठक फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस में हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉली ध्रुव विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समाजजन द्वारा सामाजिक मुद्दों व समाज से संबंधित विषयों पर चिंतन-मनन किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिला स्तरीय 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस बागबाहरा में, 24 जून रानी दुर्गावती बलिदान दिवस महासमुंद में, 15 नवंबर बिरसा मुंडा जंयती बसना में, 10 दिसम्बर शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस पिथौरा तथा 26 दिसम्बर आदिवासी महासम्मेलन वीरघाटी-सिंघोड़ा (सरायपाली) में मनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त को प्रत्येक वर्ष विश्व आदिवासी दिवस समारोह को मनाते हैं। परन्तु इस वर्ष 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का त्योहार होने की वजह से अगस्त में ही कोई अन्य तिथि में बागबाहरा मंडी परिसर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी आदिवासी समाज के विभिन्न जाति के समाज प्रमुखों व जिलाध्यक्षों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए निवेदन कर आमंत्रित किया जाएगा। बागबाहरा में विश्व आदिवासी समारोह की तैयारी व रुपरेखा के लिए आगामी बैठक 12 जुलाई 2025 को बागबाहरा में ही किया जाएगा।



इस बैठक में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लेखराम दीवान, जिला सचिव विनोद दीवान, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव ध्रुव, सलाहकार मनराखन ठाकुर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष लोकेश दीवान, ब्लाक उपाध्यक्ष अंजोर ठाकुर, ब्लाक कोषाध्यक्ष राम कुमार ठाकुर, भूषण सिंह बरिहा, पार्षद सरिता दीवान, युवा प्रकोष्ठ बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार दीवान, हरीश दीवान, सुकालू राम बरिहा, लव कुमार दीवान, हरिहर दीवान, लोकनाथ ध्रुव, भूषण दीवान, राजेश दीवान, यदुवेंद्र कुमार ध्रुव, नोहर बरिहा, ओकेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के देवतुल्य सगाजन उपस्थित रहे।

# खट्टी में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खट्टी का शाला प्रवेशोत्सव प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामभरोसा साहू उपाध्यक्ष शाला विकास समिति कन्या खट्टी, अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल प्रधान पाठक कन्या उच्च प्राथमिक शाला खट्टी, विशेष अतिथि के रूप में श्रीकांत शर्मा, लीना पांडेय, लखन लाल विश्वकर्मा, विनय कुमार साहू, नारद पटेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पावन वंदना से किया गया। अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन की गई। शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष अतिथि के आसंदी से बोलते हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, जो जैसा सिखाओगे वह वैसा हो जाता है। इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक लीना पांडेय ने कहा कि विद्यालय टकसाल की तरह कार्य करते हैं। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने अपने विचार रखते हुए कहा की बच्चे हमारे देश का भविष्य है, हमें उनकी शिक्षा में समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एवं नवाचारी शिक्षक भागवत जगत भूमिल ने प्रवेशोत्सव का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को बाल केंद्रित शिक्षा दी जा रही है। जिससे बच्चों के अंदर का भय दूर हो गया है। और बच्चे अब मन की बात बेझिझक बोल रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामभरोसा साहू ने प्रवेशोत्सव में बोलते हुए शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा कि रोज-रोज अभ्यास करने से मनुष्य को लक्ष्य से भटका नहीं सकता। हमें अपना संस्कार कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रवेशोत्सव के अवसर में विद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बच्चों को पुस्तक और यूनिफार्म का गिफ्ट पैक बनाया गया।




बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर कर नौनिहालों का स्वागत किया गया। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला से 80 बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लिए थे, उन सभी बच्चों को आज के कार्यक्रम में प्रशस्थी पत्र प्रदान किया गया। एक बात विशेष उल्लेखनीय है कि शासकीय कन्या शाला खट्टी से पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जया पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्व रामभरोसा साहू, कांत शर्मा, लीना पाण्डेय, लखन लाल विश्वकर्मा, नारद पटेल, विनय कुमार साहू, नारद पटेल, अभिषेक सालोमन, त्रिवेणी चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, सिराज बक्स, अंजुम शेख, सुनीता ध्रुव, संगीता धुरंधर, देव कुमारी साहू, सुचिता लकड़ा, गंगा राम साहू, सेवती मानिकपुरी, लक्ष्मी ध्रुव सहित विद्यालय में अध्ययनरत सैंकड़ों बच्चे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्स एवं आभार प्रदर्शन शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने किया। उपरोक्त जानकारी उमाशंकर चंद्राकर ने दी है।

